न्यायालय उपखण्ड अधिकारी पीलीबंगा जिला हनुमानगढ

पीठासीन अधिकारी – अवि गर्ग आरएएस

मुकदमा संख्या :– 135/2017

अनुवान मुकदमा –

1. जाना देवी पत्नि स्व. श्री हनुमान जाति जाट साकिन भोजेवाला तहसील सूरतगढ़ जिला श्रीगगानगर राजस्थान । प्रार्थी–

बनाम

1. तहसीलदार (राजस्व) पीलीबंगा ।

अप्रार्थी –

निर्णय दिनांक 08.11.2017

प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 136 एलआरएक्ट

प्रार्थना पत्र प्रार्थी सक्षेंप में इस प्रकार से है कि प्रार्थीया के नाम कृशी भूमि तहसील पीलीबंगा के ग्राम बडोंपल बारानी के मु. खाता सं. 195/137 के खसरा नं. 1140 में 7.139 हैक. खसरा नं. 1148 में 3.441 हैक. बारानी प्रथम खातेदारी 1/4 हिस्सा दर्ज राजस्व रिकार्ड वाके है। नकल जमाबन्दी सलग्न प्रार्थना पत्र है। प्रार्थीया के नाम दर्ज उक्त कृशी भूमि की वर्तमान जमाबन्दी रिकार्ड में प्रार्थीया का नाम जमना देवी पुत्री रामकरण दर्ज है। जबकी प्रार्थीया का सही व वास्तविक नाम जाना देवी पुत्री रामकरण पत्नि स्वः हनुमान होना चाहिए।तथा प्रार्थीया के आधार कार्ड, पहचान पत्र, रा ानकार्ड, वारीसनामा(रामकरण), तहसील सूरतगढ के चक 191–12 आरडी के इन्तकाल में प्रार्थीया का नाम जाना देवी दर्ज है। जबकी उक्त तहसील पीलीबंगा के ग्राम बडोपल बारानी में प्रार्थीया के नाम दर्ज कृशी भूमि में प्रार्थीया का जमना देवी गलत अकिंत हो गया है। जिससे प्रार्थीया को विधुत कनैक ान लेने, बैंक ऋण लेने में पें ान बधवाने व अन्य कृशी कार्य करने में काफी परे ाानी हो रही है।इस कारण मिन प्रार्थीया राजस्व रिकार्ड में अपना नाम जमना देवी पुत्री रामकरण के स्थान पर जाना देवी पत्नि हनूमान दर्ज करवाना चाहती है। अतः प्रार्थना पत्र भापथ पत्र मय प्रस्तुत कर निवेदन है कि तहसील पीलीबंगा के ग्राम बडोपल बरानी के मु. नं. 195/137 के खसरा नं. 1140 में 7.139 हैक. खसरा नं. 1148 में 3.441 हैक. बारानी प्रथम खातेदारी 1/4 हिस्सा के राजस्व रिकार्ड में प्रार्थीया का नाम जमना देवी पुत्री पुत्री रामकरण के स्थान पर जाना देवी पत्नि हनुमान दर्ज किया जावें। साक्ष्य में जमाबन्दी आधार कार्ड पहाचान पत्र रा ान कार्ड वारीसनामा इन्तकाल की नकल वासियत की कोपी प्रस्तुत किया गया।

प्रकरण दर्ज रजिस्टर कर अप्रार्थीगण को तलब किया गया अप्रार्थी द्वारा अपना जबाब प्रस्तुत कर राज्यहित को सुरक्षित रखते हुए निर्णय किया जाने हेतु निवेदन किया। बहस सूनी गई पत्रावली का

सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official

अवलोकन किया गया। प्रस्तुत दस्तावेजो के प्रार्थीया का नाम जाना देवी है। प्रार्थना पत्र साबित होने के कारण स्वीकार कर ग्राम बडोपल बरानी के मु. न. 195/137 के खसरा न. 1140 में 7.139 हैक. खसरा न. 1148 में 3.441 हैक. बारानी प्रथम खातेदारी 1/4 हिस्सा के राजस्व रिकार्ड में प्रार्थीया का नाम जमना देवी पुत्री रामकरण के स्थान पर जाना देवी पुत्री रामकरण पत्नि हनुमान दर्ज किया जाता है। निर्णय की प्रति तहसीलदार पीलीबंगा को भिजवायी जावे। निर्णय सुनाया गया।

उपखण्ड अधिकारी
पीलीबंगा

सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official